## 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित, राज्य के औसत परीक्षा परिणाम से बेहतर रहा कटनी जिले का रिजल्ट

# 10वीं के परीक्षा परिणाम में जिले की ऊंची छलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की आयोजित परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। इसमें कटनी जिले के छात्र-छात्राओं ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। कटनी जिले का इस साल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 84.42 फीसदी रहा। जो पिछले वर्ष से 3 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जिले की प्रदेश में रैंक 11 वीं है। जबकि पिछले वर्ष 17वीं रैंक थी। जबकि बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 79.58 प्रतिशत रहा। 12वीं के परीक्षा परिणाम के नजरिये से इस साल प्रदेश की मेरिट में जिले का 27वां स्थान है।

परीक्षा की तैयारी के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा प्राचार्यों की नियमित अंतराल पर ली गई। समीक्षा बैठकों के साथ-साथ छात्रों के लिए परीक्षा के एक माह पहले से सक्सेस 3.0 के तहत प्रतिदिन परीक्षा की तैयारी कराने से बेहतर परिणाम की सफलता मिली है। यह सभी प्रश्न पत्र शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा तैयार कर स्कूलों में भेजे जाते थे। इसी मापदंड के आधार पर छात्रों को अध्ययन, अध्यापन कराने से सफलता मिली है। परीक्षा परिणाम की बेहतरी के लिए कलेक्टर ने शिक्षा अधिकारियों, शिक्षकों और प्राचार्यों को छात्रों को पढ़ाई हेतु निरंतर प्रेरित और प्रोत्साहित करते रहने की बात कहते रहे हैं।





### जिले को मिली बड़ी कामयाबी

पिछले साल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जहां 81.13 फीसदी रहा था, वहीं इस वर्ष यह परिणाम बढ़ कर अब 84.42 प्रतिशत हो गया है। इस प्रकार 10वीं के परीक्षा परिणाम में कुल 3.29 फीसदी की वृद्धि हुई है। जबकि कटनी जिले के बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बीते साल की तुलना में 2.81 फीसदी की कमी हुई है। इस साल 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 79.58 प्रतिशत रहा, जो पिछले साल के परीक्षा परिणाम 82.39 प्रतिशत से कम है।

बोर्ड परीक्षाओं के राज्य के औसत परीक्षा परिणामों की तुलना में कटनी जिले का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम कहीं बेहतर है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में राज्य1 का औसत परीक्षा परीणाम 73.42 प्रतिशत रहा। जबकि कटनी जिले का 10वीं कक्षा का परिणाम 84.42 फीसदी है। इस प्रकार राज्य की तुलना में जिले के परीक्षा परिणाम से 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

इसी प्रकार कक्षा 12वीं में राज्यम का औसत परीक्षा परिणाम 76.01 फीसदी है। जबकि कटनी जिले का परीक्षा परिणाम 79.58 फीसदी है, जो राज्यम के कक्षा 12 वीं के औसत परीक्षा परिणाम से 3.57 फीसदी अधिक है।

### कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने परीक्षा मे सफल हुए सभी छात्रों के परिश्रम और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी छात्र कटनी जिले का स्वर्णिम भविष्य है।

### असफल छात्र न हो निराश

कलेक्टर ने कहा है कि जिन छात्रों के अंक परीक्षा में कम आये है या फिर किसी कारण से वे परीक्षा से असफल हो गए है उन्हे निराश और हताश होने की जरूरत नहीं है। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि बेसक असफलता निराश और दुखी करती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप आगे कुछ और नहीं कर सकते। असफलता से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। इसलिए असफल छात्र धैर्य और साहस बनाये रखें और कड़ी मेहनत कर इतिहास रच दें।

बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में कटनी जिले की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राज्य स्तर पर 11वां स्थान है। वहीं 12 वीं कक्षा के परिणाम के मामले में कटनी जिले की प्रदेश में 27वीं रैंक है।

### प्रदेश की रैंकिंग में इन छात्रों ने अर्जित किया स्थान

कक्षा 12वीं में पुष्कर पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झण्डा चौक उमरियापान स्कूल के शिवम लोधी ने गणित संकाय से प्रदेश में पांचवा स्थान अर्जित किया है। जबकि ग्रेश मिशन इंगलिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद की सब्यसांची पाण्डे को गणित संकाय से प्रदेश में आंठवा स्थान मिला है। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में किड्स अकादमी खन्ना बंजारी बरही स्कूल के आदित्य तिवारी और शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडवारा स्कूल की कुमारी प्रतिभा को प्रदेश में सांतवा स्थान मिला है। जबकि सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल बरही के सौरभ सिंह मार्को और कुमारी नोबल हार्ट पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी की श्वेता पाण्डे ने प्रदेश में आंठवा स्थान अर्जित किया है। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरैया की कुमारी खुश्बू लोधी को प्रदेश में नौंवा स्थान मिला है। इसके अलावा शासकीय हाई स्कूल देवराखुर्द की कुमारी शिवानी और ग्रेश मिशन इंगलिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद स्कूल की कुमारी तन्वी गुप्ता को दसवां स्थान मिला है।

### निजी स्कूलों से बेहतर रहा शासकीय स्कूलों का परिणाम

माध्यामिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं का बुधवार को घोषित किये गये परीक्षा परिणाम के मुताबिक कटनी जिले के शासकीय स्कूवलों का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर रहा। कटनी जिले के शासकीय स्कूबलों का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जहां 84.42 प्रतिशत रहा वहीं अशासकीय व निजी स्कूसलों का परीक्षा परिणाम 74.56 प्रतिशत रहा। इस प्रकार सरकारी स्कू लों का परिणाम निजी स्कूपलों की तुलना में 9.86 फीसदी अधिक रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं के शासकीय स्कूकलों का परीक्षा परिणाम 81.72 फीसदी रहा वहीं निजी स्कूालों का परीक्षा परिणाम 73.96 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कक्षा 12वीं में भी शासकीय स्कूलों ने बाजी मारी। इस प्रकार सरकारी स्कूालों का परिणाम निजी स्कू लों की तुलना में 7.76 फीसदी अधिक है।

## खबर संक्षेप



### चार जुआरी पकड़ाये, नकदी एवं वाहन जब्त

**कटनी**। बहोरीबंद पुलिस ने कुआं भिड़की हार के जंगल में चल रहे जुआ फड़ पर दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुआं भिड़की हार के जंगल में कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक करते हुए पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर रेड कार्रवाई की। घेराबंदी के दौरान पुलिस ने मौके से चार व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा। पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों में अनिल पाण्डे, गेंदलाल हल्दकार, भोलू खटीक, राजू शिव पाठक शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 73,600 रुपये और 03 मोटरसाइकिल और 01 स्विफ्ट कार बरामद किए हैं।

### नियमों के उल्लंघन पर 7700 रुपये का जुर्माना



**कटनी**। निगम प्रशासन द्वारा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर समझाइश के बाद जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि शहर में स्वच्छता मानकों को लेकर नगर निगम प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए क्षेत्र क्रमांक 1, क्षेत्र क्रमांक 6 तथा 7 में अभियान चलाकर सफाई व्यवस्था में सहयोग न करने वालों के विरुद्ध 1700 रुपये तथा सार्वजनिक मार्गो में भवन निर्माण सामग्री रखकर गंदगी फैलाने वालों पर 6000 रुपये कुल 7 हजार 700 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्रीय एस.आई. वार्ड दरोगा संदीप बर्मन, दीपक अग्निहोत्री एवं सुशांत सिंह परिहार सहित उनकी टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

### 150 पाव अवैध शराब जब्त, चार गिरफ्तार



**कटनी**। कोतवाली पुलिस ने थाना प्रभारी राखी पाण्डेय के नेतृत्व में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर 150 पाव अवैध देशी शराब जब्त की है, जिसकी कुल कीमत लगभग 15 हजार रुपये आंकी गई है। पुलिस के अनुसार चौपाटी क्षेत्र में मेहबूब पिता शेख हबीब 45 वर्ष के पास से 34 पाव देशी मदिरा, कैलवारा खुर्द में पवन पिता रघुनाथ प्रसाद दुबे 47 वर्ष के कब्जे से 45 पाव देशी शराब कीमती 4,500, सावरकर वार्ड चौधरी मोहल्ला निवासी रूबी अहिरवार के पास से 40 पाव देशी शराब कीमती 4,000 तथा खिरहनी फाटक क्षेत्र में हीरालाल पिता अयोध्या प्रसाद निषाद के कब्जे से 29 पाव अवैध शराब कीमती 2,900 रूपये जब्त की गई। आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### गणित समूह में नमन विश्वकर्मा को जिले में मिला दूसरा स्थान



**कटनी**। किड्स केयर हायर सेकेंडरी स्कूल कटनी के छात्र नमन कुमार विश्वकर्मा ने गणित समूह में 480/500 96% प्राप्त कर जिले की मेरिट लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। छात्र नमन को उसके अभिभावक को, शिक्षको ने शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

*ढीमरखेड़ा क्षेत्र का मामला, उपकरण एवं बाइकें की गई जब्त*

## वन्यप्राणियों के शिकार की बना रहे थे योजना, 3 शिकारी पहुंच गये हवालात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत वन विकास निगम की टीम ने वन्यजीवों के शिकार की एक बड़ी योजना को विफल कर दिया है। कुंडम प्रोजेक्ट की टीम ने देर रात परसेल और भमका के जंगलों में छापेमारी कर तीन शिकारियों को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की है।

जानकारी के अनुसार, वन विकास निगम कुंडम परियोजना की डिप्टी डीएम अभिश्वेता रावत को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि भमका गांव के पास कुछ शिकारी जंगली जानवरों को करंट लगाकर शिकार करने की नीयत से घात लगाए बैठे हैं। सूचना मिलते ही विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया और मौके पर दबिश दी।



वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर दादर सिंहुडी गांव के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। हालांकि, एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। टीम ने मौके से शिकार में इस्तेमाल होने वाला तार, करंट लगाने के उपकरण और दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। पकड़े गए तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपी जो जबलपुर जिले के कुंडम थाना अंतर्गत ग्राम बरहा का निवासी बताया जा रहा है, उसकी तलाश जारी है।

सूत्रों के अनुसार, कुछ समय पहले इसी क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से एक मादा तेंदुए की मौत हुई थी। प्राथमिक आशंका जताई जा रही है कि पकड़े गए शिकारी लंबे समय से इस क्षेत्र में सक्रिय थे और उस घटना में भी इनकी संलिप्तता हो सकती है।

डिप्टी डीएम अभिश्वेता रावत ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन्यजीवों को नुकसान पहुँचाने वालों के खिलाफ विभाग की यह सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## छात्रों ने देखी मल्चिंग सिस्टम खेती, ली आधुनिक जानकारी



विकासखंड बहोरीबंद में म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री समुदाय नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के अंतर्गत अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्रों का क्षेत्रीय भ्रमण कराया गया। इस दौरान ग्राम डिहुटा स्थित सोन कृषि फार्म में मल्चिंग सिस्टम से की जा रही खेती का अवलोकन कराया गया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने टमाटर, लौकी, ककड़ी, गिलकी एवं करेला जैसी सब्जियों की खेती को नजदीक से देखा और उनकी उन्नत उत्पादन तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। किसान सोनू चौधरी ने बताया कि वे पिछले तीन वर्षों से मल्चिंग पद्धति का उपयोग कर खेती कर रहे हैं। साथ ही, ड्रिप (टपक) सिंचाई विधि से फसलों को पानी दिया जाता है, जिससे जल की बचत के साथ उत्पादन में वृद्धि होती है। साथ खेत में कुआं एवं तालाब का अवलोकन किया जिसमें अभी पर्याप्त मात्रा पानी उपलब्ध है इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक अरविन्द शाह, परामर्शदाता रामसिंह पटेल, अवधेश बैरागी, आशीष तिवारी, उमा अवस्थी सहित नवांकुर संस्था के धनीराम, रामेश्वर पटेल, शिल्पा राय, बलराम लोधी, वंदना चौधरी, कपूरलाल चौधरी एवं अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## अब ड्रोन से होगी जंगलों की निगरानी, वन अमले को दिया तकनीकी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वनों की सुरक्षा और विभागीय कार्यों में आधुनिक तकनीक का समावेश करने के उद्देश्य से कटनी वन मंडल अब पूरी तरह डिजिटल होने की राह पर है। बुधवार को वन मंडल अधिकारी गर्वित गंगवार के मार्गदर्शन में एक विशेष ड्रोन संचालन एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण सत्र में वन मंडल की सभी छह रेंजों—बहोरीबंद, ढीमरखेड़ा, रीठी, विजयराघौगढ़, बरही एवं कटनी के अधिकारियों और फील्ड स्टाफ ने हिस्सा लिया। विभाग के पास वर्तमान में सभी रेंजों के लिए ड्रोन उपलब्ध हैं, जिनका फील्ड डेमो के दौरान सफल संचालन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य अवैध गतिविधियों पर लगाम, ड्रोन के माध्यम से अवैध कटाई और वन भूमि पर अतिक्रमण की सटीक मॉनिटरिंग है। इसके अलावा जंगलों में लगने वाली आग के दौरान त्वरित सर्वेक्षण और प्रभावी नियंत्रण। भौगोलिक सूचना प्रणाली आधारित कार्य प्रणाली को मजबूत करना। उड़ान पूर्व तैयारी, सुरक्षा मानक, लाइव मॉनिटरिंग और डेटा संग्रहण का प्रशिक्षण AI से आसान होंगे। कार्यालयीन कार्यड्रोन के साथ-साथ, कंप्यूटर ऑपरेटरों और कार्यालयीन स्टाफ के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर भी एक विशेष सत्र आयोजित किया गया। इसमें बताया गया कि कैसे AI टूल्स का उपयोग करके शासकीय पत्राचार, डेटा विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार करने जैसे दैनिक कार्यों की दक्षता (Efficiency) को बढ़ाया जा सकता है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन मुख्य रूप से सुरेश बरोले (SDO) और अक्षय सिंह (GIS एक्सपर्ट) द्वारा किया गया। विशेषज्ञों ने फील्ड में 6 ड्रोन्स के माध्यम से व्यावहारिक डेमो दिया और कक्षा आधारित तकनीकी सत्रों में बारीकियों को समझाया।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शाम 5 बजे सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस पहल से आने वाले समय में कटनी वन मंडल की निगरानी क्षमता में गुणात्मक सुधार आने की उम्मीद है।

*जिले को प्रदेश में मिले प्रथम स्थान के लिये कलेक्टर को दी बधाई*

## प्रमुख सचिव सिंह ने शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और आईटीआई का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव मनीष सिंह ने बुधवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कटनी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी भी मौजूद रहे। जिले में रोजगार मेलों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिलाने के बेहतर प्रयासों की वजह से कटनी जिले को प्रदेश में मिले प्रथम स्थान के लिये प्रमुख सचिव ने कलेक्टर श्री तिवारी को बधाई दी। उन्होंने पॉलिटेक्निक कॉलेज में जनभागीदारी समिति का पुनर्गठन कर यहां पढ़ रहें छात्रों के लिये जिले की प्रतिष्ठित और प्रगतिशील औद्योगिक इकाईयों के साथ ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिये अनुबंध करने के निर्देश दिये।



प्रमुख सचिव सिंह पॉलिटेक्निक कॉलेज की कम्प्यूटर साईंस के छात्रों की कक्षा में पहुंचे और छात्रों से पूछा कि वे एआई टूल्स और चैट जीपीटी का उपयोग करते हैं कि नहीं। जिस पर सभी छात्रों ने सहमति में हाथ उठाया। उन्होंने जब कटनी जिले के बाहर के छात्रों से यहां एडमीशन लेने का कारण पूछा तो छात्रों ने बताया कि यहां उनके गृह जिलों की तुलना में बेहतर पढ़ाई होती है। कलेक्टर ने प्रमुख सचिव से कॉलेज में माइनिंग पाठ्यक्रम शीघ्र शुरू करने की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया। जिस पर उन्होंने पाठ्यक्रम हेतु आवश्यक पदों की स्वीकृति, लैब, उपकरण आदि के लिये आबंटन प्रदाय करने का आश्वासन दिया।

प्रमुख सचिव ने शासकीय आईटीआई कटनी के निरीक्षण के दौरान संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना आदि के अप्रेंटिसशिप के संबंध में समीक्षा कर निर्देश दिये कि इन सभी का पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाय। प्रमुख सचिव ने उमरियापान के आईटीआई का नया भवन बनने तक वैकल्पिक व्यवस्था के तहत ढीमरखेड़ा में स्थानांतरित करने के निर्देश दिये।

### नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाकर पोषक तत्वों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

महिला एवं बाल विकास विभाग एकीकृत परियोजना बहोरीबंद मे पोषण पखवाडा अभियान चल रहा हैं जिसके तहत पोषण संबंधी जागरूकता के लिए गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। बुधवार को स्लीमनाबाद आँगनबाड़ी केंद्र मे पोषण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जहाँ श्रीअन्न एवं स्थानीय स्तर पर पोषक तत्वों से भरपूर अनाजो एवं सब्जियों से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गईं जहाँ स्वच्छता, स्वास्थ्य के फायदे के बारे मे बतलाया गया ओर हाथ धुलाई कार्यक्रम हुआ। पर्यवेक्षक पुष्पा आरख के द्वारा महिलाओं को पोषण से संबंधित जानकारी दी गईं।



पर्यवेक्षक ने कहा कि बच्चों को स्वस्थ रहने के लिए नियमित पोषक तत्व खाने चाहिए। इससे बच्चा स्वस्थ और रोगों से दूर रहेगा। इसलिए खाने में प्रतिदिन पोषक तत्व घर में जरूर खिलाएं। आगनवाड़ी पहुँची महिलाओं और बच्चों का वजन भी किया गया। उनकी जांच की गई। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को उनके बच्चों की वृद्धि ,निगरानी और विकास के बारे में समझाया गया।पोषण युक्त खाद्य पदार्थों को एकत्रित कर पोषण मटका तैयार किया गया।खून की कमी से होती है एनीमिया बीमारी-पर्यवेक्षक पुष्पा आरख ने स्वस्थ्य माता-स्वस्थ्य शिशु पर पोषण संवाद किया जहाँ बच्चों मे मोटापे को दूर करने के लिए स्वास्थ्य जीवन शैली अपनाने पर बल दिया गया।

पर्यवेक्षक ने कहा कि उच्च खतरे वाली गर्भवती महिलाओं की पोषण स्वास्थ्य की सतत निगरानी हेतु गृह भेंट कार्यक्रम चल रहा हैं साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को नकराने एवं आँगनबाड़ी केंद्र के आसपास के प्लास्टिक कचरा को एकत्र कर साफ-सफाई संबंधित गतिविधि पर प्रकाश डाला गया। एनीमिया के संबंध मे जागरूकता संदेश दिया गया कहा कि खून की कमी से एनीमिया की बीमारी होती है। पोषण पखवाडा के साथ नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम के तहत महिलाओ को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

## अवैध शराब बंद नहीं हुई तो करेंगे उग्र आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी


शराब की अवैध बिक्री के चलते हो रही परेशानियों की शिकायत लेकर महिलाएं सीधे पुलिस अधीक्षक के दफ्तर में पहुंच गई। बहोरीबंद थाना क्षेत्र के ग्राम सोमकला में लंबे अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ महिलाएं अब विरोध में उतर आई है। बुधवार को बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण एसपी कार्यालय पहुंचे और एसपी अभिनय विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपकर गांव में चल रहे अवैध नशे के कारोबार पर तत्काल रोक लगाने की गुहार लगाई।



ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को बताया कि सोमकला गांव में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है, जिससे न केवल गांव का माहौल खराब हो रहा है, बल्कि छोटे बच्चे और युवा भी नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। महिलाओं का आरोप है कि शराब के कारण परिवारों में आए दिन झगड़े हो रहे हैं और गांव की शांति पूरी तरह भंग हो चुकी है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस संबंध में उन्होंने कई बार बहोरीबंद थाने में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन स्थानीय पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी उपेक्षा से परेशान होकर उन्हें एसपी की शरण लेनी पड़ी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही गांव में अवैध शराब की बिक्री बंद नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे।

एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच और सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिले में अवैध नशे के कारोबार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### दो भाइयों ने 10वीं और 12वीं में किया टॉप

**सिलौंडी।** क्षेत्र के कछार गांव बड़ा के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल कछार गांव बड़ा में अध्ययनरत दो सगे भाइयों ने 10 वीं और 12 वीं में टॉप कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। क्लास 12 में श्रेयश बागरी पिता सुभाष बागरी मैथ संकाय में 92 प्रतिशत लाकर टॉप किया। साथ ही उसकी स्कूल में क्लास 10 में शशांक बागरी पिता सुभाष बागरी ने 98 प्रतिशत अंक पूरे संकुल में टॉप किया है। दोनों ही सगे भाई है। दोनों भाइयों की सफलता से पूरा क्षेत्र में खुशी की लहर है। दोनों के पिता और माता दोनों ही सरकारी शिक्षक है। पिता सुभाष बागरी शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सिलौंडी में पदस्थ है और माता शासकीय प्राथमिक स्कूल कंजिया में पदस्थ है।

### नीति आयोग के कंसलटेंट ने निरीक्षण कर लिया जायजा

**कटनी।** नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 के क्रियान्वयन की स्थिति जायजा लेने नीति आयोग कंसलटेंट भद्राक्ष भार्गव ने आकांक्षी विकासखंड रीठी का निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान श्री भार्गव ने संपूर्णता अभियान के 6 इंडिकेटर की जानकारी ली। कंसल्टेंट श्री भार्गव की अध्यक्षता में महिला एवं बाल विकास,शिक्षा एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए श्री भार्गव द्वारा बच्चों के न्यूट्रिशन, हाइट, वेट तथा SAM और MAM के बच्चों की उचित देखभाल को प्राथमिकता देने की बात कही तथा आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्कूलों में बिजली एवं पानी की व्यवस्थाओं पर जोर देने के लिए कहा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को स्मार्ट क्लासेस एवं AI एआई जैसे TOOLs टूल्स के साथ इंटरनेट कनेक्टिविटी का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इसके साथ-साथ शिक्षकों से संवाद करते हुए बच्चों को नोट्स एवं पढ़ाने की शैली रोचक करने को कहा। पशुपालन विभाग से एफएमडी के सही इंप्लीमेंटेशन हेतु जानकारी देते हुए आ रही समस्याओं को भी सुना एवं समस्त विभागों को अपना काम सही तरीके से करने हेतु निर्देशित किया। भ्रमण के दौरान बालिका शौचालय, बिजली की उचित व्यवस्था तथा बच्चों के न्यूट्रिशन एवं कुपोषण की स्थिति की जानकारी ली।

### शासकीय उमावि भुड़सा का परीक्षा परिणाम रहा अव्वल

**बड़वारा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल बोर्ड द्वारा जारी कक्षा दसवीं एवम बारहवीं के परीक्षा परिणाम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुड़सा (बड़वारा) में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने श्रेष्ठ प्रदर्शन कर गरिमामयी उपलब्धि हासिल की है। छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम ने शाला एवम ग्राम तथा अभिभावकों को गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 98% एवम बारहवीं का परीक्षा परिणाम 92% रहा। कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्रा कुमारी रुक्मणि प्रजापति ने 97.2% अंक प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया है। छात्रा रुक्मणि प्रजापति की उपलब्धि पर शाला के शिक्षकों, पालकों ने शुभकामनाएं दी हैं एवम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



### पोषण पखवाड़ा के तहत दिया गया संदेश

**कटनी।** पोषण पखवाड़ा के छठवे दिवस सही खानपान के सम्बन्ध में किया गया जागरूक इस वर्ष पोषण पखवाड़ा की थीम जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास के अनुक्रम मे सही खानपान से सही पोषण के सम्बन्ध में जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। पोषण संवाद और रैली के माध्यम से जंक फ़ूड एवं पैक फ़ूड के खतरों के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह बड़वारा की उपस्थिति में दी गई।

---

**बरही क्षेत्र का मामला, तहसीलदार की रिपोर्ट पर पुलिस ने की कार्यवाही**

# भू माफियाओं में हड़कंप : अवैध कालोनी निर्माण पर दो के विरूद्ध एफआइआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहरी से लेकर ग्रामीण अंचलों तक में नियमों के दरकिनार कर मनमाने तरीके से अवैध कालोनियों का निर्माण करने वाले भू माफियाओं के विरूद्ध अब प्रशासनिक स्तर पर सख्ती बरतने का सिलसिला शुरू हो गया है। प्रशासन ने अवैध रूप से प्लॉटिंग करने वाले और बिना अनुमति के कॉलोनी विकसित करने वाले भू-माफियाओं के खिलाफ एफआइआर दर्ज कराने शुरू किया है। बरही तहसील क्षेत्र में वर्षों से चल रहे अवैध कॉलोनी निर्माण के खेल पर अंकुश लगाते हुए पुलिस ने दो रसूखदारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई बरही तहसीलदार आदित्य प्रकाश की लिखित रिपोर्ट के आधार पर की गई है। प्रशासन को लंबे समय से शिकायतें मिल रही थीं कि बिना किसी डायवर्सन और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की अनुमति के क्षेत्र में कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, जिससे शासन को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा था।

पुलिस ने इस मामले में आदित्य नारायण शुक्ला और मथुरा प्रसाद शुक्ला (दोनों निवासी




शिवनगर रीवा कॉलोनी, रामपुर जबलपुर) को आरोपी बनाया है। इन आरोपियों ने बरही क्षेत्र में नियमों को ताक पर रखकर अवैध रूप से कॉलोनी का निर्माण किया था। यह मामला काफी पुराना और गंभीर माना जा रहा है। पुलिस द्वारा दर्ज FIR के अनुसार, यह अवैध निर्माण और प्लॉटिंग का खेल वर्ष 2002 से 31 दिसंबर 2023 के मध्य किया गया है। इतने लंबे समय तक बिना अनुमति के कॉलोनी का संचालन और विकास करना प्रशासनिक जांच के दायरे में आ गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 339-A, 339-B और 339-C के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई के बाद बरही और आस-पास के क्षेत्रों के अन्य अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मचा हुआ है।

## प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद भी भूसा निर्यात करने पर दर्ज हुई एफआईआर

जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा पशुचारा, पैरा, गेहूँ का भूसा आदि के जिले की सीमा के बाहर निर्यात पर लगाये गये प्रतिबंध के उल्लंघन पर बुधवार को बहोरीबंद थाना में भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गई है।

कलेक्टर श्री तिवारी की अनुज्ञा पत्र के बिना अवैध रूप से नियमों का उल्लंघन कर पशुचारा का अन्य जिले, जबलपुर के लिये परिवहन करना पाये जाने पर ग्राम कोटवार महेश मेहरा ग्राम पटना रोड के द्वारा पुलिस थाना बहोरीबंद में गेहूँ भूसा के नियम विरूद्ध परिवहन के संबंध में प्रथम सूचना दर्ज करने का आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमें उल्लेखित किया गया कि बुधवार की दोपहर ट्रैक्टर चालक संतोष पिता कुंजीलाल चौधरी उम्र 39 वर्ष निवासी ग्राम सिंदुरसी ने ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 20-एए-7862 में अवैध रूप से पशु चारा का परिवहन कर अन्य जिले में ले जाना पाया गया। ट्रैक्टर ड्राइवर ने पूछताछ में बताया कि गेहूँ भूसा सिहुड़ी निवासी अशोक पटेल के खेत से भरकर परियट जगदंबा कांटा जबलपुर ले जा रहा हूँ। ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर मालिक का नाम खेत सिंह पटेल निवासी कंदराखेड़ा जिला जबलपुर बताया। इस का पंचनामा बनाकर ग्राम पटना के हल्का पटवारी इंदु बानवानी के द्वारा प्रकरण तैयार कर तहसीलदार बहोरीबंद को अवगत कराया गया। इसके बाद ट्रैक्टर चालक द्वारा भूसा के जिले के बाहर ले जाने पर कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश किए जाने के बाद भी जारी आदेश की अवहेलना के आधार पर पुलिस थाना बहोरीबंद में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है और ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाना में खड़ा कराया गया है।

---




# समसरता भाषण से नहीं अच्छे आचरण से आएगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की 136 जयंती बहोरीबंद विकासखंड मे धूमधाम से मनाई गईं। विकासखंड की सभी 79 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम आयोजित हुआ। रुपनाथ धाम में आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रणय पांडेय शामिल हुए जहाँ बहोरीबंद से रुपनाथ धाम तक भव्य रैली निकाली गईं। विधायक प्रणय पांडेय के द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक ने कहा कि भारत के इतिहास में जन्मे कई सारे महापुरुषो में से एक बड़ा नाम हैं बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का, जिन्होंने समाज, शिक्षा, राजनीति ओर न्याय व्यवस्था की दिशा में कई बदलाव किये। सामाजिक बुराईयों के प्रति हमें संकल्पित होकर काम करना होगा। हम अच्छा समाज तभी बना पायेंगे, जब किसी भी प्रकार का भेदभाव या छूआछूत नहीं हो। समरसता भाषण से नहीं, आचरण से आयेगी।

रुपनाथ धाम में विधायक प्रणय पांडेय ने 15 लाख रूपये की लागत राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया ओर सामुदायिक भवन का नामकरण संत रविदास के नाम पर करने की घोषणा की गईं। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष सोनम राजेश चौधरी, सरपंच नरेंद्र सैनी, मंगीलाल चौधरी सहित बड़ी संख्या मै लोगों की उपस्थिति रही।

बहोरीबंद में आयोजित कार्यक्रम के बाद विधायक प्रणय पांडेय रीठी में आयोजित कार्यक्रम मे शामिल हुए जहाँ विधायक ने क्षेत्रवासियों की मांग पर बस स्टैंड के नव निर्मित भवन का नाम भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर रखने की घोषणा की।

---

**बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हुआ कार्यक्रम**

# अंधविश्वास और अंधभक्ति लोकतंत्र के दुश्मन, शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नगर में भव्य रैली निकाली गई। रैली की शुरुआत सुबह 10 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी से प्रारंभ हुई। रैली में सैकड़ों युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने हाथों में नीले झंडे और बाबा साहेब की तस्वीरें लेकर 'जय भीम, जय संविधान' के नारे लगाए। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जीवन ज्योति अस्पताल के पीछे पहुंची, जहां स्थान को मंच के रूप में तब्दील किया गया था। मंचीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद सिंह पेंद्रो रहे जबकि अध्यक्षता अरविंद सिंह धुर्वे ने की। मुख्य अतिथि अरविंद सिंह पेंद्रो ने कहा बाबा साहेब ने हमें सिर्फ संविधान



नहीं, बल्कि सम्मान से जीने का अधिकार दिया है। आज का दिन संकल्प लेने का है। अध्यक्ष अरविंद सिंह धुर्वे ने कहा कि बाबा साहेब का मंत्र 'शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो' ही हमारे समाज की ताकत है।

सोहनलाल चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब ने सिखाया कि अंधविश्वास और अंधभक्ति लोकतंत्र के दुश्मन हैं। हमें बच्चों को कलम पकड़ाना है। चंद्रभान बौद्ध ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहेब ने बुद्ध के धम्म को अपनाकर हमें समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का रास्ता दिखाया। राकेश पटेल ने कहा संविधान हमारा सबसे बड़ा हथियार है। इसे पढ़ो, समझो और इसकी रक्षा करो। संदीप चौधरी ने कहा आज की युवा पीढ़ी को बाबा साहेब की किताबें पढ़नी चाहिए। जब तक हमारा समाज पढ़ेगा नहीं, तब तक आगे नहीं बढ़ेगा। संत रविदास के दोह ऐसा चाहूँ राज मैं, जहाँ मिले सबन को अन्न, छोट बड़ो सब सम बसै, रविदास रहे प्रसन्न। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब ने संत रविदास के इसी सपने को संविधान में पिरो दिया। कार्यक्रम का आयोजन अजाक्स, भीम आर्मी, गोंडवाना उत्थान समिति, ओबीसी महासभा एवं अन्य सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अंत में सभी ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक कदम प्रकाश की ओर अभियान के तहत निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से नवोदय विद्यालय में चयनित छात्रों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

---

## रैली निकालकर समानता एवं भाईचारे का दिया संदेश



संविधान निर्माता विधिवेक्ता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाई गई। जिसमें भारी संख्या में स्थानीय निवासियों और अनुयायियों ने अंबेडकर चौक पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, जुलूस निकाले और उनके विचारों को याद किया। इस अवसर पर समानता और भाईचारे का संदेश दिया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व गणमान्य नागरिक शामिल हुए।बाबा साहेब की प्रतिमा के साथ निकाला गया जलूसभव्य शोभायात्रा बाबा साहेब के चित्र और प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें अनुयायियों ने 'जय भीम' के नारे लगाए।पुष्प वर्षा और स्वागत: जुलूस का जगह-जगह भव्य स्वागत हुआ और लोगों ने पुष्प वर्षा की।विचार गोष्ठी कार्यक्रम में वक्ताओं ने अंबेडकर के जीवन, संविधान निर्माण में उनके योगदान और शोषित-वंचित वर्गों के लिए संघर्ष को रेखांकित किया गया।सामुदायिक भागीदारी: युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने बड़ी संख्या में शिरकत की, जिससे माहौल उत्साहपूर्ण रहा। इस मौके पर जय सूर्यवंशी, नागेंद्र अहिरवार, प्रीतम चौधरी, कमलेश, करन अनुज धनेंद्र रामखिलवान राजा सजन, आदि लोगों की मौजूंदी रही।

---

# 3580 किसानों ने कराया है स्लाट बुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में बुधवार से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रारंभ हो गई। सभी खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। कलेक्टर आशीष तिवारी ने समूची खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से संचालित करने की हिदायत दी है ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

कलेक्टर श्री तिवारी ने सबसे पहले छोटे रकवे वाले किसानों फिर मध्यम और बाद में बड़े किसानों से गेहूं उपार्जन के निर्देश दिए हैं।सभी एसडीएम को उपार्जन केन्द्रों का सतत निरीक्षण कर इंतजामों की निगरानी करने और सहायक आयुक्त सहकारिता को भी खरीदी केन्द्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन कराने वाले सभी अन्नदाता किसानों का गेहूं खरीदा जायेगा। इस रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये कटनी जिले के 52 हजार 991 किसानों ने पंजीयन कराया है। 21 अप्रैल तक के लिए अभी 3580 किसानों ने स्लाट बुक करायें हैं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया है कि सभी खरीदी केंद्रों पर छायादार स्थान में बैठने और पेय जल की समुचित सुविधा उपलब्ध कराई जाय। केंद्र में बारदाने ,तौल कांटे सिलाई मशीन, कंप्यूटर, इंटरनेट, गुणवत्ता परीक्षण उपकरण और उपज की साफ -सफाई के लिए पंखा, छन्ना आदि की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित हो।। इसके अलावा मौसम खराब होने की संभावना के मद्देनजर उपार्जित गेहूं को सुरक्षित रखने तिरपाल की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए गए हैं।खरीदी प्रक्रिया पारदर्शी, व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से संचालित की जाए तथा किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

किसान भाईयों से अपील की गई है कि वे उपार्जन केन्द्र में छना हुआ साफ-सुथरा गेंहू लायें। उपार्जन केन्द्र में एफएक्यू गुणवत्ता का ही गेहूं खरीदा जायेगा।कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए कि गेहूं की खरीदी निर्धारित मानक अनुसार की जाए।

शासन के निर्देशानुसार गेहूँ उपार्जन शासकीय कार्य दिवसों में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा, जिससे किसानों को सुविधाजनक समय मिल सके। राज्य सरकार ने किसानों को अतिरिक्त लाभ देने के उद्देश्य से गेहूँ खरीदी पर 40 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का निर्णय लिया है। इसको मिला कर किसानों से गेहूँ की खरीदी 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जाएगी। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में होगा।

---

**आये दिन वाहन चालक हो रहे हादसों का शिकार उड़ रहे धूल के गुबार**

# खस्ताहाल सड़क से आवागमन कष्टदायी, जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे न ही अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

नगर के अति व्यस्ततम मार्ग की हालत बेहद खस्ताहाल हो चली है। इस मार्ग में नगर परिषद क्षेत्र में शासकीय समस्त विभागों के मुख्यालय स्थित है जिसमें संयुक्त तहसील भवन जहां अनविभागीय अधिकारी से लेकर राजस्व विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारी स्थित है अनुविभागीय पुलिस कार्यालय सामुदायिक शासकीय चिकित्सालय शासकीय महाविद्यालय सिविल कोर्ट जनपद पंचायत कार्यालय शिक्षा विभाग के समस्त कार्यालय ट्रेजरी ऑफिस महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय भारतीय स्टेट बैंक के साथ समस्त शासकीय आशासकीय बैंक शासकीय आईटीआई कार्यालय के साथ-साथ 8 किलोमीटर दूर



एसीसी सीमेंट कंपनी एवं एवरेस्ट कंपनी उद्योग नगरी कैमोर में स्थित है वही नगर के मध्य से वाहनों की आने जाने हेतु मुख्य मार्ग स्थित है किंतु लगभग विगत 1 वर्ष से समस्त वाहनों की आवागमन हेतु वार्ड क्रमांक 15 से वार्ड क्रमांक 3 एवं 5 के बीच में बीच से अंधा मोड़ होकर वाहनों की निकासी हो रही है।

गौरतलब है कि करीब 1 वर्ष पूर्व वार्ड क्रमांक 3 एवं 5 के बीच वाली सड़क को जोड़ने नवीन पुल निर्माण कर वार्ड क्रमांक 15 से जोड़ देने पर उमरिया कोतमा नरोजाबाद बरही रीवा सतना मैहर आदि से सेकड़ों वाहन से आने जाने वाले 40 टन क्षमता वाले वाहनों सहित यात्री बसों एवं सैकड़ो लोडर वाहनोंकी धमां चौकड़ी से उक्त सड़क के परखच्चे उड़ चुके हैं। साथ ही गंदे पानी के निकासी की नाली नालों का रूप धारण किया है जिसके सुधारने संवारने शायद न तो स्थानीय प्रशासन न ही जनप्रतिनिधियों का ध्यान है। उक्त नाली में आए दिन दो पहिया वाहन चालक समा जाते है। अब वह दिन भी दूर नहीं कि जब अचानक कोई बड़ा हादसा हो जाए।

वार्ड वासी धूल खाने मजबूरएक ओर जहां सड़क में अनगिनत गड्ढों के बावजूद भी तेज गति से निकलने वाले वाहनों से धूल उड़ने के कारण वार्ड वासियों का जीना मुश्किल हो चुका है। साथ रहवासी क्षेत्र होने के कारण अनहोनी घटना का अंदेशा भी बना रहता है। अनेकों बार यातायात व्यवस्था सुधार करने थाना प्रभारी को स्वयं निकालना पड़ता है जिसमें देखा गया कि दुकानों होटलों के सामने दो पहिया चार पहिया वाहनों की पार्किंग से लोगों का आना-जाना मुश्किल हो रहा है।

---

**सफल उद्यमी बनने में एमएसएमई प्रोत्साहन योजना बनीं वरदान**

# मेहनत, आत्मनिर्भरता से स्मिता बनीं महिला उद्यमिता की मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

छोटे से गांव कछगवा से उठी एक महिला की बड़ी सोच आज न केवल उद्योग का रूप ले चुकी है, बल्कि दर्जनों परिवारों के जीवन में खुशहाली भी घोल रही है। यह प्रेरक कहानी है उद्यमी श्रीमति स्मिता गुप्ता की, जिन्होंने अपने साहस, मेहनत और दूरदृष्टि से 'दुर्गम्मा फूड' जैसी सफल इकाई स्थापित कर महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल पेश की है। करीब 3.5 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित यह इकाई आज लगभग 35 लोगों को रोजगार दे रही है। यहां तैयार होने वाले अचार, मुरब्बा, टमाटर कैचप और अन्य खाद्य उत्पाद न केवल मध्यप्रदेश के बाजारों में अपनी पहचान बना रहे हैं, बल्कि बड़े ब्रांड्स के साथ भी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।



### गांव से उद्योग तक का सफर

स्मिता गुप्ता ने यह साबित कर दिया कि अगर इरादे मजबूत हों, तो संसाधनों की कमी भी रास्ता नहीं रोक सकती। उन्होंने ग्रामीण परिवेश में रहकर ही एक आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण इकाई खड़ी की, जो आज गुणवत्ता और भरोसे का प्रतीक बन चुकी है। उनकी इकाई में तैयार उत्पादों की खास बात यह है कि इनमें उपयोग होने वाला कच्चा माल इंदौर, भोपाल, सागर के साथ-साथ स्थानीय किसानों से भी लिया जाता है। इससे जहां उत्पादों की गुणवत्ता बनी रहती है, वहीं किसानों को भी अपनी उपज का बेहतर बाजार मिल रहा है।

### बड़े ब्रांड्स के साथ कदमताल

'दुर्गम्मा फूड' की गुणवत्ता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि प्रदेश की नामचीन कंपनियां जैसे गोल्डन क्राउन और सर्वर भी इनके यहां से जॉब वर्क के माध्यम से उत्पाद तैयार करवाती हैं। यह उपलब्धि किसी भी ग्रामीण इकाई के लिए गर्व का विषय है।

इस सफलता के पीछे उद्योग विभाग की एमएसएमई प्रोत्साहन योजना की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस योजना के अंतर्गत स्मिता गुप्ता को 48 प्रतिशत तक का अनुदान प्राप्त हुआ, जिसने उनके उद्योग को मजबूत आधार देने में अहम योगदान दिया।

स्मिता गुप्ता कहती हैं कि, "सरकार की इस तरह की योजनाएं महिलाओं के लिए संजीवनी की तरह हैं। इससे न केवल आर्थिक मदद मिलती है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ता है। महिलाएं अब सिर्फ घर तक सीमित नहीं, बल्कि उद्योग और व्यवसाय में भी आगे बढ़ रही हैं।"

'दुर्गम्मा फूड' सिर्फ एक उद्योग नहीं, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता का केंद्र बन चुका है। यहां काम करने वाले 35 लोगों के परिवारों में आर्थिक स्थिरता आई है, और गांव में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।

### महिलाओं के लिए प्रेरणा

स्मिता गुप्ता की यह यात्रा उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं। उन्होंने यह साबित कर दिया कि सही योजना, मेहनत और आत्मविश्वास के बल पर महिलाएं न केवल अपने जीवन को बदल सकती हैं, बल्कि समाज में भी नई दिशा दे सकती हैं। स्मिता गुप्ता की उद्यमिता ने साबित कर दिया कि "जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है।"

---

# जनगणना का पहला चरण आज से प्रारंभ होगा, सहयोग करने अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भारत सरकार द्वारा आयोजित जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत स्व-गणना प्रक्रिया को प्रोत्साहित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी शासकीय विभागों, अधीनस्थ कार्यालयों, अन्य संगठनों के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की गई है। जनगणना-2027 का प्रथम चरण 16 अप्रैल से प्रारंभ होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। इस अवधि में अधिक से अधिक लोगों को स्व-गणना करने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया गया है।

प्रमुख जनगणना अधिकारी आशीष तिवारी ने समय-सीमा बैठक में जनगणना की तैयारियों की समीक्षा और प्रगणकों के प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त किया। उन्होंने अधिकारियों को अवगत कराया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले में 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक स्व-गणना की प्रक्रिया संपादित की जाएगी। सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं आमजन से इस अवधि के दौरान स्वयं पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी दर्ज करने की अपील की गई है तथा अपने परिवार के सदस्यों का विवरण भी सुनिश्चित रूप से भरने कहा गया है। स्व-गणना के लिए भारत सरकार द्वारा विशेष ऑनलाइन पोर्टल उपलब्ध कराया गया है, जिसका लिंक है: https://se.census.gov.in है। पहले चरण में नागरिक 'स्व-गणना' प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। यह परिवार के किसी भी उत्तरदाता को सुरक्षित वेब पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने घर अथवा कार्यालय या अन्य स्थान से ऑनलाइन जानकारी फिल करने की सुविधा देता है।

### एक मई से शुरू होगी मकानों की गणना, हर घर में पहुंचेंगे प्रगणक

# जनगणना 2027: एक घर में जलते हैं दो चूल्हे तो अलग माना जाएगा परिवार, हर घर को मिलेगा यूनिक नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा/पटेरा



जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान प्रारंभ हुआ संस्थान के तीन कक्षों में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण में प्रत्येक कक्ष में 50-50 प्रति भागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के जनगणना प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जो प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण अभियान की तैयारियों का अहम हिस्सा है। नगरीय क्षेत्र के चार्ज अधिकारी सीएमओ राजेंद्र खरे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 1 मई से विधिवत मकान जनगणना प्रारंभ होगी, जो 30 मई तक चलेगी। जनगणना के प्रथम चरण में कुल 34 बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी।

मकान और उसकी बनावट की जानकारी:-

प्रथम चरण में भवन संख्या, जनगणना मकान नंबर, मकान एवं दीवार-छत में प्रयुक्त सामग्री, मकान का उपयोग (आवासीय या व्यावसायिक), उसकी स्थिति (रहने योग्य या जर्जर) जैसी जानकारियां दर्ज की जाएंगी। प्रशिक्षण में प्रगति को किस प्रकार एचएलबी आवंटित की जाएगी किस प्रकार जनगणना मकान के नंबर आवंटित करेंगे कैसे परिवारों की संख्या दर्ज करेंगे किन परिस्थितियों में मकान को आवासीय और किन परिस्थितियों में गैर आवासीय प्रदर्शित करना है,परिवारों की संख्या को विभाजित कैसे करेंगे आदि के संबंध में प्रदर्शन के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। अपने प्रतिदिन सर्वे किए गए डाटा को सिंक करने के उपरांत कैसे पर्यवेक्षक की आईडी पर प्रेषित करेंगे और पर्यवेक्षक कैसे उसकी जांच कर चार्ज अधिकारी को भेजेंगे के संबंध में सभी को अवगत करवाया जा रहा है। सामान्य परिवार,संस्थागत परिवार और बेघर परिवारों की प्रविष्टियां कैसे होगी जनगणना में पूछे जाने वाले वाले प्रश्नों के उत्तर किस प्रकार अंकित किए जाएंगे आदि पर उत्पन्न हो रही जिज्ञासाओं का सम मास्टर ट्रेनर माधव पटेल, विजय बहादुर सिंह, दिनेश प्यासी, लक्ष्मीकांत डिम्हा, राधेश्याम यादव एवं मदन तंतुवाय द्वारा किया जा रहा है तीन दिन चल रहे प्रशिक्षण में सभी पर्यवेक्षकों एवं पर्यवेक्षकों को मोबाइल ऐप पर प्रदर्शन करके सभी बिंदुओं से अवगत करवाया जा रहा है।

### आप भी स्वयं दर्ज कर सकेंगे जानकारी

जनगणना प्रथम चरण की शुरूआत 16 अप्रैल से होगी। इस ऐतिहासिक चरण में 16 से 30 अप्रैल 2026 के बीच नागरिक स्व-गणना प्रक्रिया के माध्यम से अपने परिवार और घर की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। नगरीय क्षेत्र के चार्ज अधिकारी सीएमओ राजेंद्र खरे ने बताया कि स्व-गणना एक नया सुविधाजनक विकल्प है। यह परिवार के किसी भी उत्तरदाता को सुरक्षित वेब पोर्टल का उपयोग करते हुए अपने घर अथवा कार्यालय या अन्य किसी स्थान से ऑनलाइन अपने परिवार की जानकारी स्वयं भरने की सुविधा प्रदान करता है। मास्टर ट्रेनर माधव पटेल ने बताया कि स्वगणना के तहत आपको ऑनलाइन फार्म भरकर एक विशिष्ट आईडी जनरेट करना होता है, जिसे बाद में आने वाले जनगणना कर्मचारी को दिखाना होता है, जिससे डेटा सत्यापन आसान हो जाएगा। यह पोर्टल 16 अलग- अलग भाषाओं में उपलब्ध होगा, ताकि लोग अपनी मातृभाषा में जानकारी साझा कर सकें। इस प्रक्रिया में मुख्य रूप से दो श्रेणियों में डेटा एकत्र किया जाएगा। प्रशिक्षण में नगरपालिका से जनगणना लिपिक अंकित निरंजन, ऑपरेटर धर्मेंद्र साहू ग्रामीण से कानूनगो राजाराम गोस्वामी, जनगणना लिपिक आशीष सेन ऑपरेटर अरुण गर्ग उपस्थित रहे।

### जनगणना हेतु प्रथम चरण की ट्रेनिंग का आयोजन



**पटेरा।** पटेरा में मॉडल बेसिक स्कूल में जनगणना 2026 के प्रथम चरण की ट्रेनिंग का आयोजन किया गया जिसमें तीन बैच के 145 अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया इसी के साथ 15 जनगणना सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण जिले से नियुक्त मास्टर टेनर्स के द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक घरों में रहने वाली परिवार का सभी संसाधनों का जानकारी एकत्रित करना है। जीवन स्तर की जानकारी एकत्रित करना है और यह जनगणना पहली बार पेपर लेस मोबाइल के माध्यम से जनगणना के पोर्टल पर होगी। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी उमेश तिवारी ने सभी जनगणना में लगे। अधिकारियों को मार्गदर्शन दिया। काउंसलिंग की और व्यावहारिक चुनौतियों के बारे में अनुभव साझा किया। मौके पर मास्टर स्टेनर्स खंड शिक्षा अधिकारी नायब तहसीलदार सुश्री मानसी अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पटेरा प्रेम सिंह चौहान, राजस्व निरीक्षक सदर पटवारी धर्मेंद्र चक्रवर्ती जनगणना में संलग्न में जनगणना सहायक कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## खरीदी केन्द्रों में मूलभूत सुविधाएं सभी जगह सुदृढ़ हो - कलेक्टर



### कलेक्टर ने समन्ना खरीदी केन्द्र का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव गेंहूँ खरीदी केन्द्र समन्ना पहुँचे। उन्होंने यहां मौजूद किसानों से चर्चा की और यहां मौजूद किसानों का फूल माला और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। किसानों से चर्चा की, स्लॉट बुकिंग के सबंध में जानकारी ली और मौजूद अधिकारियों को इस सबंध मे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व और डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी रचना प्रजापति विशेष रूप से मौजूद रही। कलेक्टर श्री यादव ने कहा गेंहूँ खरीदी केन्द्रों मे मूलभूत सुविधाए सभी जगह सुदृण सुनिश्चित हो, किसानों को किसी तरह की असुविधा ना हो, यहां मौजूद सर्वेयर से चर्चा की और परिचय पत्र धारण करने तथा खरीदी निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप हो सुनिश्चित किया जाये। आज समन्ना खरीदी केन्द्र में 23 किसानों स्लॉट बुकिंग हैं, यहां पर 3-4 किसान मौजूद रहे जिनसे कलेक्टर श्री यादव ने चर्चा की और कहा कि अपना अनाज लाए किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी रचना प्रजापति ने खरीदी केन्द्रों और परिवहन भण्डारण आदि के सबंध में जानकारी दी।

## तारादेही विद्यालय के परीक्षा परिणामों में हुआ सुधार

**तेंदूखेड़ा।** तारादेही विद्यालय के वार्षिक परीक्षा परिणामों में इस वर्ष उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है, जो विद्यालय परिवार के समर्पित प्रयासों और प्रभावी शैक्षणिक वातावरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। गत वर्ष जहां कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम मात्र 18 प्रतिशत रहा था, वहीं इस वर्ष यह बढ़कर 65 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं के परिणाम में भी महत्वपूर्ण वृद्धि देखने को मिली है। पिछले वर्ष 12वीं का परिणाम केवल 8 प्रतिशत था, जो इस वर्ष बढ़कर 35 प्रतिशत हो गया है। इस उल्लेखनीय प्रगति का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयासों को जाता है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों के मार्गदर्शन में विशेष ध्यान दिया, नियमित कक्षाओं के साथ-साथ अतिरिक्त कक्षाएं, पुनरावृत्ति सत्र एवं व्यक्तिगत परामर्श की व्यवस्था की गई। विद्यार्थियों ने भी अनुशासन और परिश्रम का परिचय देते हुए इस सफलता को संभव बनाया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य "स्वदेश नेमा" के के प्रयासों को भी इस सफलता में सहायक माना जा रहा है। इस पहल के अंतर्गत विद्यार्थियों को प्रेरणादायक और सांस्कृतिक मूल्यों से परिपूर्ण फिल्मों के माध्यम से जागरूक किया गया, जिससे उनमें सकारात्मक सोच, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम की भावना का विकास हुआ। इस नवाचारी प्रयास को विद्यार्थियों और अभिभावकों से भी सराहना मिली। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए भविष्य में और बेहतर परिणामों के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया है। साथ ही, विद्यार्थियों को इसी प्रकार मेहनत और लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया है। यह सफलता न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत भी है।

## निर्माणाधीन सी एम राइज में मजदूरों के साथ अत्याचार

### सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची, 112 ने सुलझाया मामला

**तेंदुखेड़ा।** तेन्दूखेड़ा के समीप सागर स्टेट हाईवे 15 पर स्थित ग्राम बम्होरी में आईटीआई के सामने करोड़ों की लागत से सीएम राइज स्कूल भवन का निर्माण कार्य चल रहा है जहां बिल्डिंग में हर काम के लिए अलग अलग मजदूर काम कर रहे हैं। लेकिन यहां पर मजदूरों के साथ अत्याचार किया जा रहा था यहां पर ग्राम रोड तहसील जबेरा के तीन मज़दूर काम करने के लिए आए हुए थे जहां उन्होंने चार दिन काम किया ओर उन्हें साइड ठीक नही लगी जिससे वे घर जाना चाह रहे थे लेकिन साइड इंचार्ज राम नाथ पटेल के द्वारा उनका सामान नही दिया जा रहा था।आज सुंबह करीब 11 बजे पीड़तिों ने तेंदूखेड़ा में रह रहे अपने रिश्तेदारों इसकी सूचना दी जहां तेंदूखेड़ा में रहने वाले मजदूर के रिश्तेदार नवनिर्माण सीएम राइज स्कूल की बिल्डिंग में पहुंचे जहां उन्होंने साइड इंचार्ज राम नाथ पटेल से बात की और कार्य कर रहे मजदूर को घर जाने को कहा लेकिन ने रिश्तेदारों की नही मानी जिसके बाद पीड़ति मजदूर ने112 डायल किया जहां मौके पर पुलिस पहुची तो पीड़ित ने बताया कि मेरा नाम भोला रैकवार मेरा बेटा अभिषेक रैकवार ओर मेरे मित्र दसरथ पटेल है और हम तीन मजदूर ग्राम रोढ से काम करने आये थे चार दिन काम किया फिर हमारा मन नही किया काम करने का तो हम घर जाना चाहते हैं लेकिन हमें हमारा समान नही दिया जा रहा है,साइड इंचार्च ने कहा है कि ठेकेदार गोबिंद यादव ने आपका पैसा लिया है इसलिय हम आपका समान नही देगे।हम लोगो को सिर्फ पांच सौ रुपये दिए गए है बाकी हमको ओर पैसे चाहिए मगर हम वो भी छोड़ रहे हैं आप हमारा सामान दिला दें बस पुलिस ने सम्बंधित ठेकेदार गोबिंद यादव से फोन पर बात की तो उसने कहा कि हमने जो पैसा लिया है उसको हम ही कम्पनी को लौटाएगे इन मजदूरो को जाने दो।फिर पुलिस ने साइड इंचार्ज राम नाथ पटेल के सामने उनका सामान पांच किलो आटा,चावल, कन्नी कुछ कम्बल बर्तन हसिए आदि को चेक करवाया और उनको जाने दिया।इस तरह बंधक बनाए गए मजदूरो को पुलिस की मदद से छुड़ाया गया।भगवती मानव कल्याण संगठन के सम्भागीय अध्यक्ष सुजान सिंह ने बताया है कि इस बिल्डिंग में कार्यरत मजदूरों के साथ अन्याय होता रहा है पिछले दिनों किसी ठेकेदार ने मजदूरों का पैसा खा लिया था उसमें भी तेंदूखेड़ा पुलिस को सामने आना पड़ा था। इस साइड पर मजदूरो के लिये जरूरी सुरक्षा के लिहाज से साधन नही है उनके पास दस्ताने नही है ना ही हेलमेट है और ना ही जूते हैं।मजदूरो का बीमा भी नही कराया गया है मौके पर मेडिकल की जरूरत पड़ जाए तो प्राथमिक इलाज की कोई व्यवस्था भी नही है इस स्कूल की बिल्डिंग तीन मंजिला है काम तीनो मंजिलों पर चल रहा है सुरक्षा के कोई इंतजाम नही है यहां पर मजदूरों को बंधक बनाकर उनका शोषण किया जा रहा है और उनकी जान के साथ खिलबाड़ किया जा रहा है। मजदूरों के साथ अन्याय और अत्याचार किया जा रहा है उस की ब्यपक जाच एवं छान बिन होनी चाहिए।



## बाबा साहेब की जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जन्म जयंती के अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न मोहल्लों एवं वार्डों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। सभी श्रद्धालु एवं समाजजन तहसील ग्राउंड में एकत्रित हुए, जहां से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। यह शोभायात्रा तहसील ग्राउंड से निकलकर कीर्ति स्तंभ चौराहा, बस स्टैंड, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा होते हुए डॉ. अंबेडकर चौराहा पहुंची, जहां इसका समापन किया गया। यात्रा के दौरान नगर के विभिन्न मार्गों पर जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया।

शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी द्वारा विभिन्न वार्डों से आए दलों का घंटाघर पर स्वागत कर उन्हें स्मृति चिन्ह एवं मेडल प्रदान किए गए। इस दौरान दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी, युवा नेता सिद्धार्थ मलैया, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल, किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री गोपाल पटेल, भाजपा जिला महामंत्री महेश पटेल, जिला उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, पार्षद श्रीमती कविता राय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक व्यक्तियों द्वारा भी प्रतिभागियों को शील्ड एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। शोभायात्रा के समापन पर डॉ. अंबेडकर चौराहे पर समिति अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी, प्रताप पुरोहित एवं भगवान दास चौधरी द्वारा उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर गंगाराम अहीरवाल, हिम्मत बाबू, मोहन आदर्श, मुकेश साहब, बृजेंद्र अहिरवार, मुकेश रोहिकास, हेतराम, आदर्श, टीएल जाटव, नवीन बौद्ध, संतोष रोहित, तरुण सीट वाले, अरविंद चौधरी, पप्पू कसोटिया, जितेंद्र राज, रामकुमार अहिरवार, राम अवतार वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## प्रसाद में होता है प्रभु का साक्षात दर्शन : ऋषिकांत गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



हिंडोरिया में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के समापन दिवस पर हवन यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। भागवत कथा का आयोजन कलू सेन सुपुत्र सीताराम सेन दशरथ सेन जी की ओर से करवाया गया था। कथा प्रवक्ता बालव्यास पं ऋषिकांत गर्ग में 7 दिन तक चली कथा में भक्तों को श्रीमद भागवत कथा की महिमा बताई। उन्होंने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। राधा किशोरी ने कहा कि हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से व्यक्ति भव सागर से पार हो जाता है। श्रीमद भागवत से जीव में भक्ति, ज्ञान एवं वैराग्य के भाव उत्पन्न होते हैं। इसके श्रवण मात्र से व्यक्ति के पाप पुण्य में बदल जाते हैं। विचारों में बदलाव होने पर व्यक्ति के आचरण में भी स्वयं बदलाव हो जाता है। कथावाचक गर्ग जी ने प्रसाद की महिमा का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि प्रसाद तीन अक्षर से मिलकर बना है। पहला प्र का अर्थ प्रभु, दूसरा सा का अर्थ साक्षात व तीसरा द का अर्थ होता है दर्शन। जिसे हम सब प्रसाद कहते हैं। हर कथा या अनुष्ठान का तत्वसार होता है जो मन बुद्धि व चित को निर्मल कर देता है। मनुष्य शरीर भी भगवान का दिया हुआ सर्वश्रेष्ठ प्रसाद है। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है।

## सिंघई मंदिर जैन मिलन शाखा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**दमोह।** सिंघई मंदिर जैन मिलन शाखा द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती कविता जैन सहित समस्त पदाधिकारियों को शाखा के सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। समारोह में वीरांगना प्राची जैन ने अध्यक्ष, वीरांगना निधि जैन ने मंत्री, वीरांगना सीमा जैन ने कोषाध्यक्ष तथा प्रचार-प्रसार मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतिवीर इंजीनियर आर.के. जैन, क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अतिवीर दिलेश चौधरी, क्षेत्रीय मुख्य संयोजक वीर सुधीर जैन, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रभारी वीर नेम कुमार सराफ एवं क्षेत्रीय संयोजिका वीरांगना वर्षा जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, इसके पश्चात महावीर प्रार्थना का आयोजन किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने शाखा के सदस्यों को आगामी वर्ष में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संपन्न करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया तथा नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। यह आयोजन श्रीमती निधि जैन के निवास पर संपन्न हुआ, जहां कार्यक्रम का संचालन सुव्यवस्थित ढंग से किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी ने संध्याकालीन भोज का आनंद लिया। साथ ही वीरांगना निधि जैन द्वारा विजेताओं को पुरस्कार वितरण भी किया गया। इस प्रकार यह शपथ ग्रहण समारोह उत्साह एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## बाबा साहेब की जयंती मनाई



**हिण्डोरिया।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी संविधान रचयिता, विश्व रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 135 वी जयंती नगर में धूमधाम के साथ मनाई गई। इस मौके पर सबसे पहले नगर एवं आसपास के सैकड़ों बाबा साहेब के अनुयाई स्थानीय वार्ड नं. 10 मे एकत्रित हुये। इसके बाद यहाँ स्थापित बाबा साहेब की प्रतिमा पर नीली गुलाल एवं फूलमाला पहनाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तत्पश्चात यहाँ से नगर के प्रमुख मार्गों पर बाजेगाजे-गाजे, आतिशबाजी, डीजे, बाबा साहेब की झांकी के साथ उनके अनुयाईयों के व्दारा विशाल चल समारोह निकाला गया। जुलूस जब खिरका मुहल्ला चौक पहुंचा तो यहाँ पर महात्मा ज्योतिवा राव फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रसाद वितरण किया गया। चल समारोह का रास्ते भर स्वागत किया गया। चल समारोह का समापन अम्बेडकर वार्ड में किया गया। जुलूस मे अनेक राजनैतिक, सामाजिक नागरिक एवं बाबा साहेब के अनुयायी शामिल रहे।

## गेहूं उपार्जन केंद्र पिपरिया चंपत का शुभारंभ



**नरसिंहगढ।** गेहूं उपजिन खरीदी केंद्र पिपरिया चंपत का शुभारंभ किया गया जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती की आराधना करते हुये कलश पूजन और भगवान बलराम कांटे की पूजा की गई। इसके बाद सभी किसानों का क्षेत्रीय अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया जो आज खरीदी केंद्र पर गेहूं लेकर पहुंचे इसके साथ पल्लेदारों को भी तिलक गमछा देकर माला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि गोपाल पटेल, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा द्वारा किसानों को बताया गया शांतिपूर्ण खरीदी करवाना है। गेहूं की किसी भी प्रकार की अवस्था नहीं फैलानी है। इसके साथ टोकन सुविधा उपलब्ध कराई गई। श्री राम पटेल भारतीय किसान संघ जिला महामंत्री द्वारा सभी किसानों को तिलक माला पहनकर स्वागत किया गया। मध्य प्रदेश राज्य मंत्री लखन पटेल प्रतिनिधि अशोक पटेल ने कहा की जो खरीदी लेट हो रही है या हुई है इसके लिए प्रशासन की ओर से हम माफी मांगते हैं। किसानों से और सभी का गेहूं खरीदा जाएगा जल्दबाजी न मचे क्योंकि वेयरहाउस के आसपास वहां खड़े करने के लिए जो किसान ट्रैक्टर लेकर आएंगे। इतनी पर्याप्त जगह नहीं है कि ज्यादा मात्रा में खड़े हो सके इसलिए जिनका टोकन नंबर आता है वही प्रवेश करें और ज्यादा भीड़भाड़ ना करें गेहूं सभी का खरीदा जाएगा। इस अवसर पर सौरभ कोटिया सहाकिरिता एआरसी, उमेश कुमार खटीक प्रशासक पिपरिया चंपत, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरसिंहगढ़ दिनेश पटेल दीनदयाल पांडे किसान मोर्चा अध्यक्ष, जनपद सदस्य नरसिंह गढ चंपत पिपरिया ललती संतोष मोदी, अशोक पटेल समिति प्रबंधक भागवत पटेल समिति सेल्समैन पिपरिया चंपत, किसानों का स्वागत करने पहुंचे लगभग 15 पंचायत की सरपंच प्रतिनिधि पूर्व सरपंच चंपा पिपरिया बलराम पटेल सरपंच प्रतिनिधि पिपरिया चंपत नंदराम पटेल निशांत श्रीधर हरगोविंद पटेल सरपंच असलाना अमित पटेल शंकर कुर्मी विशाल पटेल भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## पेट्रोल पंप की पेट्रोल मशीन में पिकअप वाहन ने मारी रात्रि मै जोरदार टक्कर,बड़ा हादसा टला

**तेंदूखेड़ा।** 8 अप्रैल की रात्रि लगभग 3:30 बजे तेंदूखेड़ा नगर क्षेत्र में स्थित मां त्रिपुरी पेट्रोल पंप जो जबलपुर मार्ग पर स्थित है पर एक अत्यंत गंभीर एवं चिंताजनक घटना घटित हुई, जिसने स्थानीय प्रशासन एवं आम नागरिकों के बीच सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पिकअप वाहन चालक ने पेट्रोल पंप परिसर में घुसकर तेज गति से वाहन चलाते हुए पेट्रोल मशीन में जोरदार टक्कर मार दी। घटना की प्रकृति को देखते हुए यह आशंका व्यक्त की जा रही है कि यह कृत्य किसी बड़े हादसे या संभावित विस्फोट को अंजाम देने की मंशा से किया गया हो सकता था। सौभाग्यवश, घटना के दौरान कोई चिंगारी उत्पन्न नहीं हुई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। अन्यथा पेट्रोल पंप परिसर सहित आसपास का क्षेत्र भीषण क्षति की चपेट में आ सकता था। घटना के तुरंत बाद चालक रात्रि का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया। घटना के समय पेट्रोल पंप पर कार्यरत कर्मचारी विश्राम कर रहे थे, जिसके कारण प्रारंभिक स्तर पर स्थिति की जानकारी देर से प्राप्त हुई। टक्कर की तेज आवाज सुनकर कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के पश्चात पेट्रोल पंप परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज सामने आए जो वर्तमान में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। सुबह होने पर पेट्रोल पंप संचालक मनीष यादव ने तेंदूखेड़ा थाने में पहुंचकर इस घटना का आवेदन दिया इसी दौरान उन्हें जानकारी प्राप्त हुई कि उनकी रिश्तेदारी में गमी हो गई है जिसके कारण भी 3 दिन के लिए बाहर चले गए वहां से आने सीसीटीवी संबंधित पिकअप वाहन जो हरियाणा राज्य का है, जो दूसरे व्यक्ति को बिक भी चुका है किंतु उसका स्वामित्व हस्तांतरण अभी तक नहीं हुआ है। वाहन मालिक से संपर्क स्थापित कर नुकसान की भरपाई हेतु कहा , परंतु उसने किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी लेने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस प्रतिक्रिया ने मामले की गंभीरता को और बढ़ा दिया है।पुलिस प्रशासन ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी है। इस संबंध में नगर निरीक्षक रावेन्द बागड़ी का कहना है कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### प्रदेश की मेरिट लिस्ट में जिले से कक्षा 10वीं में आठ तो 12 वी में पांच ने पाया स्थान,परिणाम सुधरे पर रैक नहीं

# जिले से 13 विद्यार्थियों ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में स्थाना पाकर बढ़ाया मान, कक्षा दसवी एवं बारहवी के परिणामों में आया सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र ने बुधवार को कक्षा दसवी एवं बारहवी बोड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किये जिनमें दमोह जिले से 13 विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में स्थान बढ़ाकर दमोह को गौरवान्वित किया है। कक्षा दसवी हाईस्कूल परीक्षा की प्रवीण्य सूची में में 8 तथा कक्षा बारहवी हायर सेकेंडरी परीक्षा में पांच विद्यार्थियों ने प्रदेश की प्रवीण्य सूची में स्थान पाया है। कक्षा बारहवी में जिले का परीक्षा परिणाम 60.96 प्रतिशत रहा है एवं लेकिन रैंक सबसे निचले स्थानों में से एक है। कक्षा बारहवीं में जिले का विगत वर्ष का 49% परिणाम था जो इस वर्ष बढ़कर 61% हो गया है, इस तरह इस वर्ष परीक्षा परिणाम में 12% की बढ़ोत्तरी हुई। वहीं कक्षा दसवीं में जिले का विगत वर्ष का 53% परिणाम था जो इस वर्ष बढ़कर 60% हो गया है, इस तरह इस वर्ष परीक्षा परिणाम में 7% की बढ़ोत्तरी हुई।

### मेरिट लिस्ट में दमोह का दबदबा

हायर सेकेंडरी परीक्षा कक्षा 12वीं की प्रदेश की टॉप-10 सूची में भी दमोह के 5 विद्यार्थियों ने परचम लहराया। इनमें छवि अग्रवाल पिता संजय अग्रवाल – 489 अंक, वाणिज्य संकाय, 3 रा स्थान नव जागृति स्कूल दमोह, उजमा फातिमा राजेंद्र पाठक मेमोरियल स्कूल हिण्डोरिया स्थान पांचवा 487 अंक, प्रगति असाटी पिता सुदामा असाटी 485 अंक, गणित संकाय 8वां स्थान उत्कृष्ट विद्यालय दमोह, निधि कुर्मी पिता सुखनंदन कुर्मी – 484 अंक कला संकाय 6 वां स्थान, राजनंदनी लोधी पिता लखन लोधी – 482 अंक बायोलॉजी 10वां स्थान नव जागृति स्कूल दमोह ने प्रदेश की मेरिट लिस्ट में स्थान पाया है।

वहीं हाईस्कूल परीक्षा कक्षा दसवीं की प्रावीण्य सूची में दमोह के 8 विद्यार्थियों में परशुराम पटेल सरस्वती शिशु मंदिर पथरिया 494 अंक छटवा स्थान, सुचित्रा मिश्रा पिता राजेश मिश्रा– 493 अंक सांदिपनी विद्यालय जबेरा 7वां स्थान , संस्कार पटेल पिता कैलाश पटेल – 492 अंक, मॉडल स्कूल दमोह, शिवम पटेल पिता चंद्रभान पटेल – 492 अंक सरस्वती शिशु मंदिर हिण्डोरिया 8वां स्थान , ओजल जैन पिता डॉ अमित कुमार जैन – 491 अंक 9 वां स्थान नव जागृति स्कूल दमोह, सौरभ अहिरवार पिता गौतम अहिरवार – 490 अंक, 10 वां स्थान उत्कृष्ट विद्यालय दमोह, लोकेंद्र पटेल/लीलाधर पटेल 10वी टॉपर – 490 अंक, 10 वां स्थान, दीक्षा अहिरवाल पिता रवीन्द्र सिंह लोधी 490 अंक, 10 वां स्थान शाउमा विद्यालय मुडिया दमोह ने मेरिट लिस्ट में स्थान पाया है।



### लोकेन्द्र ने बढ़ाया पटेरा का मान, प्रदेश में पाया दसवा स्थान

**सांदीपनी विद्यालय पटेरा का रहा उत्कृष्ट परिणाम**



**पटेरा।** सांदीपनी विद्यालय पटेरा के छात्र ने मप्र मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया। आपको बता दें कि सांदीपनी विद्यालय पटेरा के में अध्यभारत छात्र लोकेन्द्र पटेल पित्ता लीलाधर पटेल ने 500 में से 490 अक अर्जित कर मप्र की प्रावीण्य सूची में 10वाँ स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय प्राचार्य विवेक नमा, शिक्षक कमलेश शर्मा, शिक्षक रामेश्वर चौरसिया, सतवंत मरावी कक्षा शिक्षक, कविता करोसिया एवं समस्त शिक्षकों ने लोकेन्द्र पटेल को शुभकामनाएं दी है। छात्र लोकेन्द्र पटेल ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता पिता और शिक्षकों को रिया है। तहसीलदार पटेरा उमेश तिवारी ने विद्यालय में आकर लोकेन्द्र को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

सांदीपनी विद्यालय पटेरा का कक्षा 12वी का ऑवरआल परिणाम 83.51 प्रतिशत रहा। कक्षा बारहवी में प्रथम नीलू उपाध्याय / कामता उपाध्याय विज्ञाय गणित - 466 अंक 93%, द्वितीय - अजय पटेल / रामपाल पटेल-कला 458 अंक 91.6 %, तृतीय - कुलदीप राय/वृन्दावन राय गणित - 452 अंक 90.4% अंक प्राप्त किये। वहीं कला संकाय का परिणाम में 84.78%, विज्ञान - 76.66%, मेथ -93.33% रहा। काक्षा-10वी में प्रथम - लोफेन्द्र पटेल / लीलाधर पटेल मेरिट में - 10 वां स्थान 490 अंक 98 प्रतिशत, द्वितीय - अनय ताम्रकार / अभिषेक तासकार 482 अंक 96.49 प्रतिशत, तृतीय अश पटेल / तुलाराम पटेल 480 अंक 96 प्रतिशत लाकर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। कुल परिणाम 87.61% प्रतिशत रहा।

## हिण्डोरिया की उज़मा फातिमा प्रदेश में पांचवे स्थान पर : बायोलॉजी में 100 में से 100 अंक




**हिण्डोरिया।** जनपद स्कूल मे पदस्थ रहे शिक्षक स्व.याकूब खान की नातिन शिक्षक मुबस्सिर खान की बेटी, हाजी मतीन खान, शिक्षक शफीक खान, शिक्षिका नज़मा बेगम जावेद खान (स्वास्थ्य विभाग) की भतीजी कुं. उज़मा फातिमा ने हायर सेकेंडरी कक्षा 12 वी की परीक्षा मे बायोलॉजी ग्रुप मे सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में 05 वां स्थान प्राप्त किया। बालिका उज़मा फातिमा वर्तमान में श्री राजेन्द्र पाठक इग्लिस मीडियम हायर सेकेंडरी हिण्डोरिया मे अध्यनरत है। इस सम्बंध में उज़मा फातिमा के शिक्षक पिता मुबस्सिर खान ने बताया कि वास्तव में उज़मा ने 12 वी बोर्ड की परीक्षा मे 500 अंक मे से 487 अंक अर्जित कर सच मे कमाल कर दिया।बिटिया ने बायोलॉजी मे 100 मे से 100 अंक और फिजिक्स एवं केमिस्ट्री जैसे मुश्किल विषयों मे इतने शानदार अंक अर्जित करना वाकई गर्व का विषय है।उन्होंने कहा कि बिटिया को परिवार की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में आगें बढ़ने के लिये पर्याप्त अवसर एवं आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराया गया। आज उसकी कड़ी मेहनत एवं लगन का नतीजा सामने आया है।उन्होंने उसके उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने, तरक्की एवं कामयाबी की दुआ की। राजेन्द्र पाठक शाला के संस्थापक रोहन पाठक एवं शाला प्राचार्य मेघा पाठक ने कहा कि उज़मा फातिमा ने आज सिर्फ शाला या परिवार एवं समाज का ही नही अपितू पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इन्होंने कहा कि शाला की छात्रा उज़मा फातिमा की ये उपलब्धि उसके अथक परिश्रम,अटूट लगन एवं अनुशासित जीवन शैली का परिणाम है। छात्रा की सफलता यह दर्श देती है कि निरंतर प्रयास, विश्वास, दृढ़ संकल्प और सकारात्मक सोच से कठिन से कठिन लक्ष्य को भी आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। उज़मा फातिमा को उनकी इस शानदार, जानदार एवं यादगार उपलब्धि पर सभी परिजनों, रिश्तेदारों, नगर के विभिन्न वर्गों के लोगों एवं समस्त शालेय परिवार ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

### हिण्डोरिया के शिवम पटेल ने पाया दसवां स्थान



**हिण्डोरिया।** नगर हिण्डोरिया के सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे अध्यनरत रहे। प्रतिभा शाली छात्र भैया शिवम पटैल ने कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा मे प्रदेश सूची मे आठवाँ स्थान प्राप्त किया। भैया शिवम पटेल ने परीक्षा मे 500 अंक मे से 492 (98.4%) अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में आठवा स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, अपितु पूरे जिले एवं विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। शिवम-पटैल की यह शानदार उपलब्धि उनके अथक पारंश्रम, अटूट लगन एवं अनुशासित जीवनशैली का परिणाम है। सारे विद्यालय परिवार के लिए यह क्षण अत्यंत हर्ष और गर्व का विषय है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। समस्त शालेय परिवार ने कहा कि हम प्रार्थना करते हैं कि भैया शिवम-पटैल इसी प्रकार निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहें और अपने उज्ज्वल भविष्य से राष्ट्र का नाम भी रोशन करें।

## जबेरा नगर की छात्रा सुचिता मिश्रा ने रचा इतिहास



**जबेरा।** जबेरा नगर के एक साधारण परिवार में जन्मी छात्रा ने एक बार फिर अपने नगर माता पिता का नाम रोशन किया है। नगर के संदीपनी विद्यालय से एक गौरवपूर्ण खबर सामने आई है। जबेरा की कक्षा दसवीं की छात्रा सुचिता मिश्रा ने मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा में टॉप-10 में सातवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। सुचिता मिश्रा ने 500 में से 493 अंक हासिल किए। सुचिता, राजेश मिश्रा की पुत्री हैं और उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनकी इस सफलता पर परिवार, विद्यालय और स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सुचिता ने अपने माता-पिता, परिवारजनों के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेई, उपप्राचार्य अजय सिंघई तथा दमोह जिले के पूर्व कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को दिया। उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें आवश्यकता पड़ी, इन सभी का उन्हें पूरा सहयोग मिला। सुचिता ने विद्यालय के सभी शिक्षकों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग के बिना यह सफलता संभव नहीं थी। यह उपलब्धि न केवल सुचिता के परिवार के लिए, बल्कि पूरे दमोह जिले के लिए गर्व का विषय है।

### हाई स्कूल परीक्षा परिणाम

हाई स्कूल परीक्षा परिणाम 2026 जिला दमोह इस वर्ष हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा दिनांक 13 फरवरी 2026 से 6 मार्च 2026 तक आयोजित की गयी। जिले की हाई स्कूल परीक्षा में कुल 19180 विद्यार्थी सम्मलित हुए। नियमित परीक्षार्थियों की संख्या 15265 एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की संख्या 3915 रही है। दमोह जिले के 59.52% कुल नियमित परीक्षार्थी उत्तीर्ण तथा 10.52% कुल स्वाध्यायी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। दमोह जिले के कुल नियमित छात्र उत्तीर्ण 3856 जिनका प्रतिशत 54.91 रहा एवं कुल नियमित छात्राएँ उत्तीर्ण 5231 जिनका प्रतिशत 63.45 रहा। राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के कुल 8 परीक्षार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। परशुराम पटेल सरस्वती शिशु मंदिर पथरिया के छात्र ने 494 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिले मे नियमित छात्रों मे कुल 6178 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। जिन्हे द्वितीय अवसर की परीक्षा मई 2026 में आयोजित हो रही है, में बैठने की पात्रता है। इस वर्ष हाई स्कूल परीक्षा 2026 में एक भी नकल प्रकरण नहीं बना।

### हायर सेकन्डेरी स्कूल परीक्षा परिणाम

हायर सेकन्डेरी स्कूल परीक्षा परिणाम 2026 जिला-दमोह इस वर्ष हायर सेकन्डेरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा दिनांक 7 फरवरी 2026 से 10 मार्च 2026 तक आयोजित की गयी। जिले की हायर सेकन्डेरी स्कूल परीक्षा में कुल 13233 विद्यार्थी सम्मलित हुए। नियमित परीक्षार्थियों की संख्या 11502 एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की संख्या 1731 रही है। दमोह जिले के 60.96% कुल नियमित परीक्षार्थी उत्तीर्ण तथा 16.64% कुल स्वाध्यायी परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। दमोह जिले के कुल नियमित छात्र उत्तीर्ण 2891 जिनका प्रतिशत 55.71 रहा एवं कुल नियमित छात्राएँ उत्तीर्ण 4111 जिनका प्रतिशत 65.21 रहा। राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में जिले के कुल 5 परीक्षार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। कु. छवि अग्रवाल नव जाग्रति उमावि दमोह की छात्रा ने 488 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिले मे नियमित छात्रों में कुल 4485 विद्यार्थी अनुत्तीर्ण रहे। जिन्हे द्वितीय अवसर की परीक्षा मई 2026 में आयोजित हो रही है, में बैठने की पात्रता है। इस वर्ष हाई स्कूल परीक्षा 2026 में एक भी नकल प्रकरण नहीं बना।

### एमएलबी स्कूल का परिणाम श्रेष्ठ रहा

**दमोह।** मप्र बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 के तहत स्थानीय एमएलबी स्कूल दमोह का परीक्षा परिणाम में 6 से अधिक छात्राओं ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है1 कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में तुलसा पटेल 94% मुस्कान चौरसिया 91% और श्रद्धा दुबे ने 90% अधिक अंक प्राप्त कर इतिहास रच दिया1 इसी प्रकार कक्षा बारहवीं बोर्ड में दीक्षा सोनी 94% शिक्षा सोनी 93% एवं तान्या पटेल 94% अंक प्राप्त कर शाला का गौरव बढ़ाया।पांच विषयों का परिणाम शत प्रतिशत रहा ।जिले के सबसे प्राचीन विद्यालय में शैक्षणिक उन्नयन हेतु अनेक नवीन नवाचार किए गए। एमएलबी स्कूल दमोह के प्राचार्य डॉक्टर आलोक सोनवलकर के अथक प्रयास एवं स्टाफ के शिक्षकों की मेहनत से यह यह संभव हो पाया है। अच्छे परीक्षा परिणाम के बाद पचासी प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त 25 से अधिक सभी छात्राओं का एमएलबी स्कूल विद्यालय परिवार द्वारा फूल माला गुलाल एवं मिष्ठान, द्वारा भाव भीना सम्मान किया गया। इस अवसर पर शाला स्टाफ ने हर्ष ध्वनि कर सब छात्रों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया।

### नरसिंहगढ़ के हर्षित चौरसिया बने छात्रों को प्रेरणा स्त्रोत, किडनी ट्रांस्प्लांट भी नहीं रोक पायी प्रतिभा, 94.6 प्रतिशत लाकर बने अव्वल

**दमोह।** कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित होने के अवसर पर जहां अनेक विद्यार्थी अपने परिणाम को लेकर उत्साहित हैं, वहीं कुछ विद्यार्थी अपेक्षित सफलता न मिलने पर निराश भी हो सकते हैं। ऐसे समय में शा.उ.मा.वि. नरसिंहगढ़ के छात्र हर्षित चौरसिया की संघर्षपूर्ण एवं प्रेरणादायक कहानी सभी विद्यार्थियों के लिए एक मिसाल बनकर सामने आई है। उन्होंने जीवन की कठिनाइयों को हराकर कक्षा 10वीं में 94.6 प्रतिशत लाकर एक मिसाल पेश की हैं। ग्राम पंचायत नरसिंहगढ़ के निवासी रज्जू चौरसिया के पुत्र हर्षित चौरसिया ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद



अपने लक्ष्य से कभी समझौता नहीं किया। जानकारी के अनुसार, हर्षित का पूर्व में किडनी ट्रांसप्लांट हो चुका है। उनके पिताजी की एक छोटी सी दुकान है । इन परिस्थितियों के बावजूद हर्षित ने कभी अपनी पढ़ाई को बाधित नहीं होने दिया।

विद्यालय की विशेष भूमिका
शा.उ.मा.वि. नरसिंहगढ़ का शैक्षणिक वातावरण, अनुशासन एवं शिक्षकों का मार्गदर्शन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यहां शिक्षकों द्वारा नियमित मार्गदर्शन, अतिरिक्त कक्षाएं एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करने का निरंतर प्रयास किया जाता है। यही कारण है कि विपरीत परिस्थितियों में भी हर्षित जैसे छात्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाते हैं। विद्यालय परिवार विद्यार्थियों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संघर्ष से लड़ने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है। पूरे शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान हर्षित ने अदम्य साहस, लगन और निष्ठा के साथ अपनी पढ़ाई जारी रखी। उन्होंने मासिक, त्रैमासिक एवं छमाही परीक्षाओं में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सभी सेक्शनों में अव्वल स्थान प्राप्त किया । जहां अधिकांश लोग बीमारी और आर्थिक कठिनाइयों के सामने हार मान लेते हैं, वहीं हर्षित ने अपने परिश्रम से यह सिद्ध कर दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति के आगे कोई भी बाधा बड़ी नहीं होती । विद्यालय के प्राचार्य शीलचन्द्र जैन एवं परीक्षा प्रभारी संतोष अहिरवार सहित समस्त शाला परिवार को हर्षित की इस उपलब्धि पर गर्व है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हर्षित चौरसिया भविष्य में न केवल विद्यालय, बल्कि अपने ग्राम और क्षेत्र का नाम भी रोशन करेंगे। यह सफलता की कहानी उन विद्यार्थियों के लिए एक प्रेरणा है, जो किसी कारणवश इस बार अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं कर सके हैं। असफलता अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत होती है। यदि हर्षित जैसी कठिन परिस्थितियों बीमारी और आर्थिक अभाव में भी सफलता की राह बनाई जा सकती है, तो हर विद्यार्थी मेहनत और आत्मविश्वास के साथ पुनः प्रयास कर सफलता अवश्य प्राप्त कर सकता है।

**डॉक्टर और स्टाफ निर्धारित समय पर आये अन्यथा होगी कार्यवाही, नवागत कलेक्टर नें जिला अस्पताल का लिया जायजा दिए समुचित दिशा-निर्देश**

## अब बिना सूचना के अस्पताल आयेंगे, सभी व्यवस्था सुदृढ़ हो- कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर प्रताप नारायण यादव आज प्रातः 10 बजे जिला चिकित्सालय पहुँचे और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का गहन रूप से जायजा लिया। विभिन्न वार्डों के साथ ही दवा वितरण केन्द्र एवं एमसीएच भवन पहुँचे, यहां पर मौजूद महिलाओं से व्यवस्थाओं के सबंध में संवाद किया। उन्होंने महिलाओं से उनके ओपीडी पर्ची की जानकारी ली, कितने समय के इंतजार के बाद आपको यहां से ओपीडी पर्ची मिल जाती हैं। कलेक्टर श्री यादव ने सिविल सर्जन डॉं प्रहलाद पटेल से कहा महिलाओं को अनावश्यक इंतजार ना करना पड़े, उन्हें ओपीडी पर्ची शीघ्र मिले और यहां पर महिलाओं के बैठने के लिए बैंच आदि की व्यवस्थाए सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री यादव ने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डो में एसी और कूलर बंद पाए जाने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी जगह वार्डो में कूलर प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा जहां पंखे मरम्मत योग्य हैं त्वरित कराए जाए, मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी ना हो। साथ ही मरीजों के बिस्तरों पर बेड सीट और



तकिए सभी हो यह भी सुनिश्चित करने कहा गया। निरीक्षण के दौरान कतिपय मरीजों के पलंग में उक्त व्यव्यस्था ना होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई। कलेक्टर भ्रमण उपरांत आयोजित बैठक में पानी की समस्या सामने आने पर नगर पालिका अधिकारी से कहा की पानी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए 03 विकल्प सामने आए हैं उन पर ठोस कार्रवाई समय सीमा पर की जाए। जिला अस्पताल में पर्याप्त जलापूर्ति हो यह सुनिश्चित रहे, की गई कार्रवाई से अवगत कराया जाए। कलेक्टर ने कहा जिला अस्पताल परिसर में स्थित पुलिस चौकी पर हमेशा पुलिस कर्मी तैनात रहे,यहॉ पर प्राइवेट एंबुलेस के संचालको के द्वारा मरीजो के रिफर होने पर उन्हे परेशान होने की बात सामने आने पर कोतवाली टी.आई मनीष कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। कलेक्टर ने सिविल सर्जन डॉ प्रहलाद पटैल से कहा सभी डॉक्टर और स्टाफ निर्धारित समय पर अस्पताल पहुचे, अस्पताल में भ्रमण के दौरान मरीजो के द्वारा कहा गया कि डॉ. समय पर नही आते उन्हें अनावश्यक परेशान होना पडता है। श्री यादव ने मीटिंग के दौरान दो टूक कहा, समय आये अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहे। उन्होने सिविल सर्जन से कहा सभी की उपस्थिति सार्थक एप में ली जाये। कलेक्टर भ्रमण के दौरान दवा वितरण केंद्र पहुचे, दवा ले रहे मरीजो से चर्चा की। मरीजो के द्वारा बताया गया कि दवा प्राप्त होने में काफी समय लगता है। उन्होने सिविल सर्जन से कहा कि ऐसी व्यवस्था बनायी जाये की मरीजो को ज्यादा इंतजार न करना पड़े, इस हेतु और कर्मचारी काम में लगाये जाये। श्री यादव ने जिला चिकित्सालय के भ्रमण के दौरान सफाई व्यवस्था पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए एजेंसी को हिदायत दी कि साफ-सफाई नियमित हो इसमें कौताही बर्दाश्त नही की जायेगी। कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी से कहा, कचरा गाडी प्रत्येक दिन जिला अस्पताल पहुचकर, कचरे का उठाव सुनिश्चित कराये। कलेक्टर विभिन्न वार्डो में पहुचे और मरीजो से मिले। उन्होने यहॉ मिल रहे उपचार, भोजन, पानी, दूध-वितरण आदि की जानकारी ली। श्री यादव भर्ती मरीजो से आत्मीयता से मिले उनके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली और सिविल सर्जन को इस संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा शासन के मंशा अनुरूप सभी सुविधाए मरीजो को मिलना चाहिए। भ्रमण के दौरान यह बात भी बताई गई की जिला अस्पताल के मुख्य द्वार के सामने ऑटो और अन्य वाहन खड़े कर दिए जाते जिससे कि मरीजो और एंबुलेंस को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### चिकित्सको और स्टाफ की ली बैठक

कलेक्टर ने अपने भ्रमण के पश्चात चिकित्सको और मेडिकल स्टाफ की बैठक लेकर कहा, मरीजो से जल्द से जल्द भेंट हो उनका उपचार शुरू हो जाये, मरीज का प्रापर ट्रीटमेंट हो जाये। आप अच्छा करें और मरीज को भी अच्छा महसूस हो। उन्होने कहा, कुछ समय के अंतराल के बाद बिना सूचना के अस्पताल पहुचेगे निर्देशानुसार सभी व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त होनी चाहिए।

इस अवसर पर सोनू यादव, रमाकांत बाजपेयी, एसडीएम सौरभ गंधर्व, सीएमएचओ डॉ. आर.के अठ्या सिविल सर्जन प्रहलाद पटेल, एसडीओ पीडब्लूडी वर्षा मिश्रा, नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिवाकर पटेल सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे।

### स्कूलों का समय परिवर्तनः सुबह 7.30 बजे से लगेंगे

**दमोह।** ग्रीष्म ऋतु के तापमान में वृद्धि होने के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुये कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने शाला संचालन समय परिवर्तन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किये हैं। उन्होंने समस्त शासकीय, अशासकीय, केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सीबीएसई शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 1 से 08 तक के विद्यार्थियों का 30 अप्रैल 2026 तक के लिये शाला समय में परिवर्तन कर प्रातः 7.30 से दोपहर 12.30 बजे तक किया है। उन्होंने कहा है दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों का समय यथावत रहेगा, परीक्षाओं का संचालन निर्धारित समय-सारणी अनुसार रहेगा, मूल्यांकन का कार्य अपने पूर्व निर्धारित समय पर ही संपादित होगा। यह आदेश 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक प्रभावशील रहेगा।

## अनियंत्रित पिकअप दुकान मे जा घुसी, एक मृत एक घायल

**हिण्डोरिया।** नगर के समीपस्थ दमोह- पटेरा मुख्य सड़क पर लुहर्रा गाँव के पास कादीपुर मोड़ पर चाय पान की दुकान पर बैठे लुहर्रा गाँव के दो व्यक्तियों को अनियंत्रित रफ्तार से आ रही पिकअप ने कुचल दिया। जिसमे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे व्यक्ति को गंभीर हालत मे जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया।इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी टीआई धर्मेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि ग्राम लुहर्रा निवासी लक्ष्मण लोधी पिता तांतू 56 वर्ष एवं रामलाल अहिरवार पिता हलकाईं 65 वर्ष जब कादीपुर तिराहे पर गाँव की चाय पान की होटल मे बैठे हुये थे। तभी दमोह से पटेरा की ओर अनियंत्रित रफ्तार से आ रही पिकअप 407 अचानक होटल मे घुस गई। जिससे होटल मे बैठे दोनों व्यक्ति बुरी तरह चपेट आ गये। जिसमें लक्ष्मण लोधी की घटना स्थल पर ही मौत हुई गई। जबकि रामलाल अहिरवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर थाना से पुलिस के एएसआई रामकुमार सिंह, दीपचंद एवं श्री दुबे तत्काल मौके पर पहुँच गये। पुलिस ने तत्काल दोनों घायलों को जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया। जहाँ एक को मृत दूसरे घायल का उपचार शुरू कर दिया। पुलिस ने पिकअप जब्त कर मर्ग कायम करते हुये विवेचना प्रारम्भ की।

